बृहस्पतिवार
28 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4

**डैंड्रफ से छुटकारा दिला सकता है नींबू, ऐसे करें इस्तेमाल**



पृष्ठ 5

**सीरीज सेवन वन में पुलिस की भूमिका में दिखेंगी हिना खान**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 89
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

दूसरों पर किए गए व्यंग्य पर हम हँसते हैं पर अपने ऊपर किए गए व्यंग्य पर रोना तक भूल जाते हैं।

– रामचंद्र शुक्ल

## पुलिस ने जनता से वसूले 33 करोड़ 61 लाख

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने कोरोना महामारी की तीनों लहर में कोविड नियमों के उल्लंघन पर चालान करके 33 करोड़ 61 लाख 14 हजार 635 रूपये का जुर्माना (संयोजन शुल्क) वसूल किया गया है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी से कोविड नियमों के उल्लंघन पर पुलिस द्वारा किये गये चालानों तथा वसूले गये जुर्माने (संयोजन शुल्क) की सूचना मांगी गयी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्रांक 661 के साथ उपलब्ध सम्बन्धित विवरणों की प्रतियां उपलब्ध करायी गयी है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड पुलिस ने कोरोना महामारी पहली, दूसरी व तीसरी लहर (24 जनवरी 2022 तक)



**❑हरिद्वार में सबसे अधिक चालान, देहरादून दूसरे नम्बर पर**
**❑मास्क न पहनने पर राज्य भर में 8,2841 के चालान**

कोविड नियमों के उल्लंघन पर कुल 21 लाख 10 हजार 614 चालान किये तथा रू. 33 करोड़ 61 लाख 14 हजार 635 रूपये का जुर्माना (शुल्क) वसूला है। इस अवधि में मास्क न पहनने पर किये गये चालान वालों को 19 लाख 77225 मास्क भी वितरित किये है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रथम लहर में कुल 10 लाख 8 हजार 513 चालान, दूसरी लहर में 10 लाख 11 हजार 710 चालान तथा तीसरी लहर में कुल 90391 चालान किये गये है। पुलिस द्वारा इन चालानों पर पहली लहर में 17 करोड़ 40 लाख 39 हजार 545, दूसरी लहर में 14 करोड़ 62 लाख 20 हजार 790 तथा तीसरी लहर में 1 करोड़ 58 लाख 54 हजार 300 रूपये जुर्माना/शमन शुल्क वसूला गया है। मास्क वितरण के आंकड़ों के अनुसार पहली लहर में 10 लाख 13 हजार 479, दूसरी लहर में 8 लाख 89 हजार 680 तथा तीसरी लहर में 74066 मास्क वितरित किये गये है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड भर में मास्क न पहनने पर कुल 828411 चालानों में पहली लहर में 666155, दूसरी में 1,50,026 तथा तीसरी लहर में 12230 चालान किये गये है। सोशल डिस्टेंसिंग पर कुल 10 लाख 99 हजार 580 चालानों में प्रथम लहर में 223810 दूसरी में 8,01,506 तथा तीसरी लहर में 74264 चालान किये गये है, जबकि लॉकडाउन नियमों के उल्लंघन पर कुल 1,82,623 चालानों में 1,18548 पहली लहर में, 60179 दूसरी तथा 3897 चालान तीसरी लहर में किये गये है।

## राज्यपाल ने अधिकारियों से ली चारधाम यात्रा तैयारियों की जानकारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड का शासन प्रशासन इन दिनों चार धाम यात्रा की तैयारियों में जुटा हुआ है। जहां पर्यटन मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, वही मुख्यमंत्री भी स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। क्षेत्रीय विधायकों द्वारा भी तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है वहीं आज राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भी अधिकारियों की राजभवन में बैठक बुलाकर उन्हें 3 मई से पूर्व सभी यात्रा तैयारियों को पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए हैं।

राजभवन में बुलाई गई अधिकारियों की इस बैठक में आज राज्य के पुलिस महानिदेशक से लेकर तमाम विभागों के बड़े अधिकारियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने सभी अधिकारियों से यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत जानकारी ली गई उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा यात्रियों को किसी भी तरह

**●130 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम रवाना**

की दिक्कत न हो और सुगम व सुरक्षित यात्रा हो सके इसके पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। राज्यपाल द्वारा यात्रा मार्गों पर जन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा निर्देश दिए गए।

इस बीच आज रुद्रप्रयाग से प्राप्त समाचार के अनुसार सिक्स सिगमा मेडिकल सर्विसेज की 130 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को केदारनाथ के लिए रवाना कर दिया गया है। मिलिट्री और बीएसएफ से विशेष ट्रेनिंग प्राप्त यह टीम यात्रा मार्गों पर विपरीत परिस्थितियों में काम करने का अनुभव रखती है। केदारनाथ आपदा के दौरान सिक्स सिगमा की टीम द्वारा 40 हजार से अधिक लोगों की मदद की गई थी। यात्रा के दौरान किसी श्रद्धालु को स्वास्थ संबंधी कोई दिक्कत होती है तो यह टीम अपनी सेवाएं निशुल्क प्रदान करती है।


## पुलवामा के मित्रीगाम में अल बदर के दो आतंकी सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में ढेर

जम्मू। सुरक्षाबलों ने पुलवामा के मित्रीगाम में गुरुवार तड़के तड़के अल–बदर संगठन के दो स्थानीय आतंकवादियों को ढेर कर दिया। आइजीपी कश्मीर विजय कुमार ने दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि ये दोनों मार्च–अप्रैल के दौरान पुलवामा में प्रवासी मजदूरों पर हमले और उनकी हत्याओं में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से दो एके राइफल समेत अन्य गोलाबारूद भी बरामद हुआ है। आइजीपी कश्मीर विजय कुमार ने दोनों आतंकियों की पहचान जाहिर करते हुए बताया कि मरने वाले आतंकियों के नाम एजाज हाफिज और शाहिद अयूब है। दोनों आतंकी संगठन अल–बदर से जुड़े हुए थे। इससे पहले सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले से लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े एक व्यक्ति और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया, जो प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने बारामूला में एक व्यक्ति को प्रतिबंधित संगठन जमात–ए–इस्लाम (जेईआई) के लिए वित्त जुटाने के आरोप में भी गिरफ्तार किया। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने रईस अहमद मीर नाम के संदिग्ध को गिरफ्तार किया था और उसके पास से एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किया। बारामूला में भी पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जेईआई के नाम पर धन उगाही करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उसकी पहचान मोहम्मद अमीन गनी के रूप में हुई।

## चिंताजनकः देश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी, एक दिन में साढ़े 3 हज़ार के करीब नए केस

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के मामलों में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। पिछले २४ घंटे में देश में कोरोना के लगभग साढ़े तीन हज़ार मामले सामने आए है। वहीं ३६ मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ ही कोरोना के एक्टिव केस में भी बढ़ोतरी हुई है। राजधानी दिल्ली से कोरोना के सबसे ज्यादा केस सामने आ रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस के ३,३०३ नए केस सामने आने के बाद संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर ४,३०,६८,७६६ हो गया है। वहीं इस दौरान हुई ३६ और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर ५,२३,६६३ हो गई है।



देश में कोविड–१६ के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर १६,६८० हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटे में एक्टिव केस की संख्या में ७०१ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.७४ प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.६६ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.६१ प्रतिशत है।

देश में अभी तक कुल ४,२५,२८,१२६ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–१६ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१६ रोधी टीकों की १८८.४० करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी।संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# तेल पर यह कैसा खेला

अच्छे दिन आने वाले हैं क्योंकि हम मोदी जी को लाने वाले हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव का आकर्षण बने इस जुमले को याद करके अब इस देश की जनता अपना सिर धुनने पर मजबूर है। भाजपा जो कभी महंगाई के मुद्दे को लेकर कांग्रेस (यूपीए) सरकार को पानी पी पीकर कोसती थी आज उसके शासनकाल में महंगाई ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दुखद बात यह है कि राजनीति के चतुर पुरोधा और भाजपा नेता अभी भी इस मुद्दे पर विपक्षी दलों को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। बीते कल प्रधानमंत्री मोदी ने गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने राज्यों में पेट्रोल-डीजल पर वैट कम न करके अपने राज्य की जनता के साथ अन्याय किया है। उनके इस विचार व वक्तव्य से विपक्षी दलों का आग बबूला होना स्वाभाविक ही था। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उस मध्य प्रदेश का नाम क्यों नहीं लिया जहां भाजपा की सरकार सबसे अधिक वैट वसूल कर रही है और पेट्रोल की कीमत 120 के पार पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री ने कुछ चुनिंदा राज्यों जहां भाजपा की सरकारें हैं उनके साथ पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों के पेट्रोल डीजल की कीमतों का ही उल्लेख क्यों किया? विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार ने तेल पर टैक्स से सबसे अधिक और रिकॉर्ड कमाई की है वहीं जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल तक नीचे आ गई थी तब उसका लाभ जनता को देने की बजाय सरकारी खजाने को भरने में किया गया। जी हां यही सत्य है कि तेल की कीमतों के निर्धारण में अपनी भूमिका से पल्ला झाड़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के अनुसार तेल की कीमतो के घटने बढ़ने की बात करने वाली केंद्र सरकार ने तेल पर टैक्स से रिकार्ड कमाई की है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कम हुई कीमतों का लाभ जनता को नहीं मिले दिया गया है। अब जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें ऊपर जा रही हैं और देश भर में पेट्रोल डीजल की कीमतों ने आग लगा रखी है तब भी केंद्र सरकार अपने टैक्स को घटाने को तैयार नहीं है। उल्टा वह राज्य सरकारों को विषम आर्थिक परिस्थितियों का हवाला देकर टैक्स कम करने की अपील कर रहे हैं। इस तेल के खेल को भले ही आम आदमी न समझ सके लेकिन नेता सभी अच्छे से जानते समझते हैं। केंद्र व राज्य सरकार डीजल और पेट्रोल पर 55 से 60 प्रतिशत टैक्स वसूल रही हैं जिसमें केंद्र का हिस्सा राज्यों से काफी अधिक है। चुनावों से पूर्व सरकार ने सिर्फ दिखावे के लिए टैक्स घटाया गया और अब जब जनता पेट्रोल डीजल व रसोई गैस की महंगाई से कराह रही है जिसका प्रभाव पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है सरकार अभी भी जनता के बारे में सोचने को तैयार नहीं है सरकार इस तेल पर जो खेला कर रही है वह जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है।

# उद्योग विभाग द्वारा संचालित कार्डिंग प्लांट कल से होगा शुरू

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। डेढ़ साल बाद कल शुक्रवार से उद्योग विभाग द्वारा संचालित कार्डिंग प्लांट शुरू हो जाएगा। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया तथा उद्योग विभाग की महाप्रबंधक कविता भगत के बीच हुई वार्ता के बाद क्षेत्रीय बुनकरों की समस्याओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। उद्योग विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद सप्ताह में 2 दिन मुनस्यारी में ऊल कार्डिंग होगा।

कर्मचारियों की भारी किल्लत के चलते मुनस्यारी का कोडिंग प्लांट डेढ़ साल से बंद चल रहा था। स्थानीय बुनकर ऊल कार्डिंग करने के लिए बेहद परेशान थे। इस क्षेत्र में बुनकारी का कार्य किया जाता है। सैकड़ों परिवारों की आजीविका बुनकारी से जुड़ी हुई है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आज उद्योग विभाग की महाप्रबंधक कविता भगत से बातचीत की। उन्होंने स्थानीय बुनकरों की समस्याओं के बारे में महाप्रबंधक को बताया।

महाप्रबंधक कविता भगत ने बताया कि विभाग में आउटसोर्सिंग से ऑपरेटरों की मांग की गई है। जिस पर निदेशालय स्तर पर बातचीत तथा फैसला होना है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की भारी कमी के कारण कोडिंग प्लांट बंद चल रहा था। क्षेत्र की जनता की समस्याओं को देखते हुए यह तय किया गया है कि सप्ताह में शुक्रवार तथा शनिवार को काली प्लांट संचालित किया जाएगा। इसके पिथौरागढ़ से एक कर्मचारी को सप्ताह में 2 दिन भेजा जा रहा है। आज इसके आदेश जारी कर दिए गए है।

जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि उद्योग विभाग के मुनस्यारी तथा धारचूला कार्डिंग प्लांट में नियमित स्टाफ की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को स्वरोजगार के आधार पर विकसित एवं खड़ा करना है तो इस तरह की समस्याओं का मूल में समाधान किए जाने की आवश्यकता है।

# मल्टीस्टोरी पार्किंग की सौगात देने के लिये मुख्यमंत्री का जताया आभार

हमारे संवाददाता

रूद्रपुर। एक दिवसीय रुद्रपुर प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रुद्रपुर स्थित रुद्रा होटल पहुँचने पर जोरदार स्वागत अभिनंदन हुआ। मुख्यमंत्री धामी के अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विगत तीन दिन से रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कमर कसी हुई थी जो स्वयं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लगातार बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा कार्यकताओ एव स्थानीय लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा आप सभी कार्यकताओ एव रुद्रपुर की जनता के अपार स्नेह से मेरे साथी और भाजपा जिला अध्यक्ष शिव अरोरा को इतनी बड़ी जीत दी है निश्चित ही विधायक शिव अरोरा निरतंर आपकी सेवा में समर्पित रहेंगे और रुद्रपुर के विकास में कोई कमी नही आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री धामी ने अपने भाषण में कहा रुद्रपुर में जाम की समस्या का अक्सर समस्या सुनने में आती है जिसके निजाद के लिये हम मल्टीस्टोरी पार्किंग के निर्माण के लिये निर्देशित किया है एव विगत वर्ष रुद्रपुर में आई भीषण आपदा से जो रुद्रपुर में भयावय मंजर हुआ था उसके स्थायी समाधान एव जल निकासी की समस्या के समाधान के लिये आपदा विभाग को सर्वे करने व भविष्य में ऐसी स्थिति पुन: न हो उसके स्थायी समाधान के लिये निर्देशित किया है।

वही विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पार्किंग समस्या व जलभराव के स्थायी समाधान के लिये मुख्यमंत्री धामी से देहरादून में मुलाकात कर इन दोनों विषय को रखा था जिन दोनों विषय को मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर आकर दोनों समस्या जिसमे मल्टीस्टोरी पार्किंग की सौगात रूद्रपुरवासियो को देने की घोषणा की एव जलभराव व आपदा जैसी स्थिति पुन: न हो उसके लिये सर्वे के आदेश देने पर आभार प्रकट किया। विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के भव्य दिव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम की सफलता के लिये कार्यकताओ को बधाई एवं आभार प्रकट किया।

# राज्यसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

विशेष संवाददाता

देहरादून। प्रदेश भाजपा ने राज्यसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन शुरू कर दिया है। राज्यसभा सांसद अजय टम्टा का कार्यकाल अगले माह मई में समाप्त होने जा रहा है। उनकी जगह भाजपा अब किसे राज्यसभा में भेजेगी इस पर विचार विमर्श शुरू हो चुका है, जल्द ही प्रदेश संगठन द्वारा संभावित प्रत्याशियों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा सकती है।

इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्याशियों के पैनल की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक संगठन की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है शीघ्र ही एक और बैठक कर प्रत्याशियों का पैनल तय कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पैनल में 6 नाम रखे जाएंगे जिनमें 3 महिलाएं और तीन पुरुष प्रत्याशी होंगे। हाईकमान द्वारा जिसके भी नाम पर मुहर लगाई जाएगी वही अधिकृत प्रत्याशी होगा।

**❑अजय टम्टा की जगह अब कौन?**

उन्होंने कहा कि मई में राज्यसभा सांसद अजय टम्टा का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा में पर्याप्त संख्या बल के कारण भाजपा को इसमें कोई परेशानी होने वाली नहीं है। सवाल यह है कि अजय टम्टा जिनका कार्यकाल पूरा हो रहा है वह अनुसूचित जाति से आते हैं क्या भाजपा उनकी जगह फिर किसी अनुसूचित या पिछड़ी जाति के प्रत्याशी को मौका देती है या फिर अन्य किसी को भी राज्यसभा भेजती है। चर्चा में पूर्व सीएम का नाम भी शामिल है साथ ही यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा किसी राज्य से बाहर के प्रत्याशी को भी राज्यसभा भेज सकती है। अंतिम फैसला भाजपा हाईकमान को ही करना है।

# आंदोलन की धमकी का हुआ असर, शिक्षा विभाग हरकत में आया

नगर संवाददाता

पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा आंदोलन की धमकी दिए जाने की दूसरे दिन ही शिक्षा विभाग हरकत में आ गया। सरकारी स्कूल में निशुल्क पाठ्य पुस्तक भेजने के लिए विभाग ने निविदा आमंत्रित कर दी है। संभवत है 2 मई को ढुलान ठेकेदार तय होने के बाद स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक पुस्तकें मिलने लग जाएंगीं।



ज्ञात रहे कि नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हुई एक माह का समय पूरा होने को जा रहा है। अभी तक जिला मुख्यालय तक पहुंच चुके पाठ्य पुस्तकों को सरकारी स्कूलों तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह का समय शिक्षा विभाग को दिया था। इसके बाद आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।

इससे चेत कर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने धमकी देने के दूसरे दिन ही जिला मुख्यालय से जिले के 92 सीआरसी सेन्टरो तक पाठ्य पुस्तकें ले जाने के लिए निविदा आमंत्रित कर दी है। 2 मई को निविदा स्वीकार हो जाती है तो नौनिहालो को पाठ्य पुस्तकें मिलने लग जाएगी। जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि मार्च के माह में निविदा आमंत्रित की जानी थी। इस कार्य में जो लापरवाही हुई है उसकी जांच करते हुए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्वाई होनी चाहिए। ताकि इस तरह की घोर लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया को पद पर तीसरी बार विराजमान होते ही इस समस्या का समाधान करने पर शुक्रिया कर आभार जताया। उन्होंने इस बात का संज्ञान लिया, यह उनकी कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जिम्मेदार अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए।

वपुर्नु तच्चिकितुषे चिदस्तु समानं नाम धेनु पत्यमानम्।
मर्तेष्वन्यद्दोहसे पीपाय सकृच्छुक्रं दुदुहे पृश्निरूधः।।

(ऋग्वेद ६-६६-१)

दो प्रकार की धेनु माताएं हैं, एक तो वह जो पृथ्वी पर है। जो हमें और हमारी संतानों को दूध देकर पोषण करती है। दूसरी, वो जो आकाश में मेघ रुपी हैं और जल वृष्टि करके हमारा पालन करती है।

There are two types of Dhenu mothers, one who is on earth. Who nourishes our children and us by giving milk. Second, the one who is in the form of cloud in the sky, gives us water by rain.
(Rig Veda 6-66-1)

# राज्य के बेरोजगारों का उत्पीडन बन्द करे भाजपा सरकारः करन माहारा

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा सरकार पर राज्य के बेरोजगार नवयुवकों के उत्पीडन करने का आरोप लगाया है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न चिकित्सालयों में सेवा दे रहे कर्मियों को नौकरी से निकाले जाने तथा उनके खिलाफ बलवा करने व सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करने के निर्णय को कडे शब्दों में निन्दा करते हुए उन्होने इसे सरकार की बेरोजगार नवयुवकों के उत्पीडन तथा दमनकारी नीति बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में अपनी व अपने परिजनों की जान हथेली पर रखकर राज्य के विभिन्न चिकित्सालयों में सेवा देने वाले इन कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा महामारी का प्रकोप कम होते ही नौकरी से हटा दिया गया है। सरकार का यह फैसला राज्य के बेरोजगार नवयुवकों के साथ धोखा एवं उत्पीडन की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार आउटसोर्स कर्मियों को पुनः नौकरी पर रखने की बात करती है वहीं दूसरी ओर अपनी जायज मांग को लेकर आन्दोलनरत बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार देने की बजाय मुकदमे लादने जैसा निन्दनीय काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव में बडे-बडे वादे कर बेरोजगारों को रोजगार देने की बात की थी परन्तु सत्ता में आते ही अपनी जायज मांगों को लेकर चलाये जा रहे शांतिपूर्ण आन्दोलन में मुख्यमंत्री आवास कूच कर रहे बेरोजगार हुए नौजवानों पर सरकार के इशारे पर मुकदमे दर्ज किये जा रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि बेरोजगारों के मामले में भी भाजपा सरकार दोहरी नीति अपना रही है एक तरफ अपने चहेतों को को-आपरेटिव संस्थानों में बैकडोर से नौकरियां दी जा रही हैं वहीं आम बेरोजगार नवयुवकों द्वारा अपना हक मांगने पर उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के मूल में बेरोजगारी सबसे बडा मुद्दा था परन्तु आज भाजपा की राज्य सरकार इन्हीं बेरोजगार नवयुवकों का उत्पीड़न कर रही है जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

# खेलो मास्टर्स गेम्स नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश के 58 खिलाडी शामिल

संवाददाता

देहरादून। दिल्ली में 30 अप्रैल से होने वाली खेलो मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में प्रदेश के 58 खिलाडी शामिल होंगे।

आज यहां प्रेस क्लब मे पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विरेन्द्र सिंह रावत ने बताया की उत्तराखंड का राज्य खेल फुटबाल है इसी तर्ज पर उत्तराखंड की फुटबाल टीम उम्र 40 प्लस, 50 प्लस पुरुषों की और एथलेटीक की टीमें प्रतिभाग करेंगी जिसमे उत्तराखंड से 58 खिलाडी प्रतिभाग करेंगे। खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान मे दिल्ली मे 30 अप्रैल से 3 मई तक त्यागराज स्टेडियम मे आयोजित होगा। भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलों इंडिया, फिट इंडिया का अभियान युवाओं को प्रेरित कर रहा है इसी कड़ी मे बुजुर्ग खिलाड़ियों के लिए खेलों मास्टर्स गेम्स का आयोजन किया गया है जिसमे पूर्व नेशनल, इंटरनेशनल और ओर्लिपियन खिलाडी प्रतिभाग करेंगे। , खेलों मास्टर्स गेम्स ऑफ इंडिया के महासचिव शैलेन्द्र सिंह ( इंटरनेशनल पूर्व हॉकी खिलाडी ) के द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन 30 अप्रैल से 3 मई तक दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम मे किया जाएगा।




फुटबाल का एक महीने का केम्प देहरादून मे लगाया गया था जिसमे प्रदेश से 68 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया केम्प के बाद 20 खिलाडी 40 प्लस की फुटबाल टीम के जिसमे मनोज नेगी ( कप्तान ), प्रकाश रोनी, जोगेंद्र राम, संजय कुमार शर्मा ( गोल कीपर ) , संजय दत्त ममगाई, संजय सिंह, विजय बिष्ट, राकेश मोहन ब्लोदी, प्रवीन नेगी, विरेन्द्र सिंह रावत, कमल सिंह रावत, सुबोध पाठक, हितेश मोहन, राम सिंह, विमल सिंह रावत, पंकज, दिवाकर, नलिश शर्मा शामिल हैं।

उत्तराखंड कोर्डिनेटर पंकज कनोजिया, उत्तराखंड स्पोर्ट्स मैनेजर / फिजियो संजीव कुमार अरोड़ा , असिस्टेंट मैनेजर विमल सिंह रावत, कोच कमल सिंह रावत, गोल कीपर कोच सुनील कुमार गुरुंग, असिस्टेंट कोच प्रदीप शर्मा तथा 50 प्लस की फुटबाल टीम मे कमल सिंह रावत ( कप्तान ), सुनील कुमार गुरुंग, विमल सिंह रावत, हिम्मत सिंह, विनोद सिंह गुसाई, विरेन्द्र सिंह रावत, बिजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह बिष्ट, योगेंद्र बहादुर क्षेत्री, दिवाकर प्रसाद घिंडियाल, दीपक सिंह( गोल कीपर ) , विमल सिंह रावत ( पौड़ी ), प्रदीप शर्मा, धर्मेन्द्र खरोला , सुरेन्द्र सिंह रावत, राकेश चंद्र सिंह, सतीश रावत (गोल कीपर), प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत सरकार के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर करेंगे।

# सड़क चौड़ीकरण में प्रस्तावित पेड़ों के कटान पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में आम जनजीवन को गर्मी की तपिश से बचाने के लिए जरूरी पर्यावरण संरक्षण हेतु तत्काल पेड़ों के कटान पर रोक लगाए जाने की मांग करते हुए संयुक्त नागरिक संगठन की ओर से उत्तराखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री,कैबिनेट मंत्री, पर्यावरण सतपाल महाराज तथा मुख्य सचिव, सचिव पर्यावरण को पत्र भेजा।

भेजे गए पत्र में कहां गया है कि मौसम विभाग ने तापमान में खतरनाक वृद्धि का रेड अलर्ट जारी किया है। मार्च–अप्रैल दो महीने सूखे में ही गुजर गए हैं, ऐसा दून के इतिहास में ३० वर्षों में पहली बार हुआ है। जो पर्यावरण प्रेमियों के साथ सभी के लिए चिंता का विषय बन गया है।। इससे आम नागरिक, पशु पक्षियों, जीव जंतुओं की जिंदगी पर भी खतरा पैदा हुआ है। कभी बाग बगीचे, हरे भरे पेड़ों और जंगलों से घिरी दून घाटी को अब कंक्रीट के जंगलों ने निगल लिया है। विकास के नाम पर तेजी से बढ़ती हुई कालोनियां, सड़क चौड़ीकरण के नाम पर प्रस्तावित हजारों पेड़ों के कटान के कारण उत्पन्न प्रदूषण ने हवा में जहर घोल दिया है। राजधानी की सूरत ही नहीं सीरत भी बदल गई है।

पत्र में कहा गया है कि दून की बढ़ती आबादी ७ लाख से ऊपर है, यह शहर और अधिक आबादी और वाहनों का दबाव झेलने में असहाय हो गया है। इन समस्याओ के संबंध में दिए गए सुझावों में कहा गया है कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु आम नागरिकों और संस्थाओं से सहयोग लेने हेतु मुख्यमंत्री जनता दरबार का आयोजन कर इनसे प्राप्त सकारात्मक सुझाव लेकर तत्काल नीतिगत निर्णय ले। सभी सरकारी कार्यालयों में, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में, दुकानों, आवासों में तथा इनकी छतों के ऊपर उपयुक्त पौधों के गमलों को लगाने हेतु इन्हे प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षा संस्थानों में छात्र छात्राओं को अपने घरों में पेड़ लगाने हेतु विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे आगामी मानसून में इस अभियान को व्यापक बनाया जा सके। राजधानी में विगत ४ वर्षों में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए लाखों पेड़ पौधों की वर्तमान हालत का जायजा ले लिया जाए। मानसून सत्र में नए पेड़ पौधे वहां लगाए जाए जहां पेड़ पौधे सूख चुके हैं।दून को भविष्य में और अधिक ऊंचे होते कंक्रीट के जंगलों से बचाने हेतु नई नीतियां लागू की जाएं। सड़क चौड़ीकरण में प्रस्तावित पेड़ों के कटान पर रोक लगाते हुए वैकल्पिक उपाय के साथ जनहित में जहां भी हो वहां एलिवेटेड रोड बनाए जाएं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर निवासी आकाश गोस्वामी अपने मित्र के साथ अपनी मोटरसाईकिल से मसूरी की तरफ जा रहा था जब वह विटर लैड के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियां।

# 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियां शुरु

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी ८वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस २०२२ के लिए जिले भर में ६० दिवसीय योग अभियान शुरू हुआ इस ६० दिनों के दौर में जो २१ जून २०२२ तक चलेगा, नेहरू युवा केंद्र द्वारा पूरे जिले में युवाओं और युवा क्लब के सदस्यों के माध्यम से योग का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।युवाओं द्वारा पूरे जिले में योग जागरूकता पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों के बीच योग और स्वास्थ्य संदेशों का प्रचार–प्रसार किया जा सके।

आपदा प्रबंधन आवासीय प्रशिक्षण के चल रहे ३० युवा प्रशिक्षुओं के लिए आज शहीद स्मारक पिथौरागढ़ में व्यापक योग सत्र का आयोजन किया गया. मास्टर ट्रेनर– कुमारी शिवांगी द्वारा विभिन्न आसन किए गए।जिला युवा अधिकारी ध्रुव डोगरा भी उपस्थित थे और उन्होंने प्रशिक्षुओं के बीच स्वस्थ जीवन के लिए फिटनेस संबंधी संदेश का प्रचार किया और प्रतिदिन कम से कम १० मिनट योग करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर आइस क्लब के मास्टर ट्रेनर श्री चंचल ने भी दैनिक जीवन शैली में योग के महत्व के बारे में बताया।इस व्यापक योग सत्र में मुकेश कुमार, पवन, मोहित उप्रेती, स्वाति जोशी, मुकेश चुफाल, तनुजा खाती, जयदीप, कंचन, कशनी सहित अन्य प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के दो चेहरे फिर से इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल टीम में शामिल

संवाददाता

देहरादून। तीन से 9 मई तक इंग्लैड दौरे पर जाने वाली भारतीय ब्लाइंड फुटबाल टीम में उत्तराखण्ड से दो खिलाडी टीम का हिस्सा बने हैं।

आज यहां भारतीय टीम के हेड कोच सुनील जे मैथ्यू ने बताया कि आई बी एफ एफ (इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन) ने मई 3 से 9 तक इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय ब्लाइंड फुटबॉल टीम की घोषणा कर दी है। टीम 3 मई को कोच्चि केरल से रवाना होगी और इंग्लैंड ब्लाइंड फुटबॉल टीम के साथ तीन मैच खेलेगी। मैथ्यू ने बताया कि पहली बार 45 दिनों का कोचिंग कैंप लगा है और टीम में काफी अच्छा बदलाव आया है। हमें अब मैचेज खेलने होंगे क्योंकि इंडिया टीम ने पैरा एशियन गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया हुआ है जो कि अक्टूबर माह में चीन में होने हैं तथा नवंबर में एशियन चौंपियनशिप होनी है जिसकी मेजबानी भारत ही कर रहा है। इस दौरे से हमें बहुत अच्छा अनुभव मिलेगा क्योंकि इंग्लैंड टीम विश्व की 10 वे रैंक की टीम है और भारतीय ब्लाइंड फुटबॉल टीम इस वक्त रैंकिंग टेबल में 25 वे नंबर पर है। सभी खिलाड़ी उत्साहित हैं तथा काफी खुश हैं और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। टीम में सहायक कोच के रूप में इंग्लैंड के भूतपूर्व खिलाड़ी कैरन सील हैं तथा गोल गाइड के रूप में उत्तराखंड के नरेश सिंह नयाल हैं। भारतीय ब्लाइंड फुटबॉल टीम में शिवम सिंह नेगी(उत्तराखंड), सांवेंद्र सिंह भंडारी(उत्तराखंड), प्रदीप पटेल(दिल्ली), धर्माराम देवासी(राजस्थान), विष्णु वघेला (गुजरात), गैब्रियल नोंगरूम(मेघालय), किलिंग्सन डी मारक (मेघालय)गोलकीपर, सुजीत पी एस (केरल), प्रफुल लिखितकर(मध्य प्रदेश) हैं। एक ओर जहां अब टीम अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी है दम खम दिखाने को वहीं उत्तराखंड में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान में खुशी की लहर है दो खिलाड़ी और गोल गाइड इसी संस्थान से हैं। इससे पहले भी संस्थान ने गौरव के पल दिए हैं। संस्थान में इसके साथी खिलाड़ियों के बीच काफी उत्साह है। टीम में सभी खिलाड़ी पूर्णतः दृष्टि दिव्यांग होते हैं तथा गोलकीपर्स दृष्टिवान होते हैं। उत्तराखंड राज्य के लिए भी यह गौरव का पल है। खिलाड़ियों को हिम्मोत्थान टाटा ट्रस्ट से भी काफी सहयोग मिला है तथा देहरादून शहर से भी हर संभव सहयोग मिलता रहता है। टीम में गोल गाइड के रूप में नरेश सिंह नयाल ने बताया कि इस दौरे में उन्हें भारतीय टीम से काफी उम्मीद है तथा दोनों उत्तराखंडी खिलाड़ियों से भी।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# हम हैं चीता...!

संवाददाता

देहरादून। हम चीता हैं कुछ भी कर सकते हैं। हम पर किसी का कोई अंकुश नही है। हम जहां चाहे जा सकते हैं, जहां चाहे खडे हो सकते हैं हमको रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। यह सोच उत्तराखण्ड पुलिस की चीता फोर्स की है?

पुलिस विभाग में चीता फोर्स का गठन क्षेत्र के ऊठाईगिरों, चोर, उचक्कों पर निगाह रखने के लिए किया गया था तथा उनको अलग से दुपहिया वाहन दिया गया जिसमें बकायदा चीता लिखा गया। इस फोर्स के गठन के बाद जब यह गली मौहल्लों से निकलते तो आमजन इनको बडी अचरज भरी निगाह से देखते थे कि यह क्या है? यह फोर्स कुछ करतब करेगी। नाम भी कुछ ऐसा दिया गया था कि लोग इस नाम से भी प्रभावित हुए चीता! लोगों ने यही अनुमान लगाया कि यह अपने नाम की तरह से ही फूर्तिले व जाबांज होगे तथा इनको अलग से ट्रेनिंग दी गयी होगी। लेकिन समय बीतता गया और लोगों की समझ में आ गया कि जो कुछ काम करने की इच्छा नहीं रखते उनको चीता बना दिया जाता है? यह फोर्स बस धमकाने के काम ही आने लगी। जहां देखो लोगों को यह कहकर धमकाना शुरू कर दिया जाता कि हम चीता हैं? क्षेत्र के उठाईगिरे इनको देखकर डरते हों ऐसा भी कभी दिखायी नहीं दिया। जिसका उदाहरण चर्चित घटना राजू बॉक्सर वाला प्रकरण है? अगर इस फोर्स के कारिंदों से अपने क्षेत्र के चोर, उठाईगिरों के नाम पूछ लिये जायें तो शायद ही किसी को उनका कुछ पता ठिकाने के बारे में कोई जानकारी हो ऐसा भी दिखायी नहीं देता? क्योंकि यह चीता है? छोटे मोटे मामलों में यह हाथ नहीं डालते और बढे मामले इनके बस के नहीं होते क्योंकि यह चीता हैं? अब पुलिस अधिकारियों को भी अपने इन चीताओं के बारे में सोचना होगा कि यह इतनी काबिल फोर्स का गठन उन्होंने क्या सोचकर किया था! इनके कारनामें भी काफी रोचक होते हैं। बीच रास्तें में अपना वाहन खडा करके यह बतीयाते रहते हैं और अगर इनकी गुफ्तगु में कोई बाधा उत्पन्न करता है और हॉर्न बजाकर इनको साईड देने के लिए कहता है तो यह तमतमाके कहते है कि दिखता नहीं है हम चीता है? इतना गुरूर तो उसको भी नहीं होगा जिसका इनको नाम दिया गया है। वह भी जंगल में अपने नाम का डंका बजाता नहीं घुमता होगा और ना ही उसको भी अपने नाम का इतना गुमान होगा जितना कि पुलिस विभाग के इस चीता को है? अब सोचने वाली बात है कि पुलिस अधिकारियों ने कभी इस बात पर मंथन किया होगा कि जिस काम के लिए इस फोर्स का गठन किया गया था वह उसमें खरे उतरे हैं या नहीं? इस बारे में भी पुलिस अधिकारियों को मंथन करना होगा नहीं तो यह बेलगाम चीता ऐसे ही लोगों को धमकाते रहेंगे और पुलिस की मित्रता, सेवा और सुरक्षा के सलोगन को पलीता लगाते रहेंगे?

# गोलू देव संदेश यात्रा का चौकोडी में भव्य रंगारंग स्वागत



कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। गोलू देव संदेश यात्रा का बुधवार को खूबसूरत पर्यटक स्थल चौकोड़ी पहुंची। यहां स्थानीय जनता के द्वारा भव्य स्वागत किया गया पारंपरिक ढोल दामऊ के साथ पिछौड़ा पहनी हुई महिलाओं ने जयकारों के साथ गोलू महाराज की पवित्र यात्रा का पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया।

यात्रा में शामिल सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक जीएस मर्तोलिया ने बताया की यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा कृषि क्षेत्र को बढ़वा देना है। यह यात्रा धरती धार (बोना गांव) से शुरू होकर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित गोलू और देव मंदिर से होते हुए एक मई को अल्मोड़ा पहुंचेगी। पांच मई को घोड़ाखाल पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा में शामिल यात्री इस दौरान यात्रा मार्ग और पड़ावों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यटन समेत सभी समस्याओं का दस्तावेज तैयार करेंगे।

वहीं शिल्पकार, मूर्तिकार, लोहार, जगरिये, डंगरिए, लोक गायकों, नर्तकों वाद्य यंत्र बनाने वालों और बजाने वालों की पहचान और विरासत को जीवंत रखने वाले कलाकारों की पहचान करेंगे। यात्रा दल में सेवानिवृत आईजी पुलिस गणेश मर्तोलिया, ललित पंत, लक्ष्मी दत्त पाठक, भूपेश पंत, कुमाऊं मण्डल विकास निगम के प्रबंधक दीप चंद्र पंत, ज्ञान सिंह कार्की, हरीश चुफाल, हीरा सिंह गैड़ा, भीम सिंह मेहरा, रमेश चंद्र जोशी, सोनू मेहरा, महिलायें व बच्चे उपस्थित रहे।

# डैंड्रफ से छुटकारा दिला सकता है नींबू, ऐसे करें इस्तेमाल



अगर आपको डैंड्रफ की समस्या है और कई एंटी-डैंड्रफ हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के बावजूद आपको इस समस्या से राहत नहीं मिल रही हैं तो इनकी जगह नींबू का इस्तेमाल करें। नींबू में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो डैंड्रफ से छुटकारा दिलाकर स्कैल्प को स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि नींबू का किन-किन तरीकों से इस्तेमाल करके डैंड्रफ से छुटकारा मिल सकता है।

सिर पर लगाएं सेब के सिरके और नींबू का मिश्रण : सेब का सिरका और नींबू का मिश्रण काफी प्रभावी ढंग से डैंड्रफ की समस्या को दूर कर सकता है। इसके लिए पहले एक कटोरी में दो बड़ी चम्मच नींबू का रस और चार बड़ी चम्मच सेब का सिरका अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से अपने सिर पर लगाकर 20-25 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद अपने सिर को माइल्ड शैंपू और पानी से धोकर साफ करें।

अंडे और नींबू का हेयर मास्क बनाकर करें इस्तेमाल : अगर आप डैंड्रफ की समस्या से बहुत परेशान है तो इसे दूर करने में अंडे और नींबू का हेयर मास्क काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक कटोरी में बालों की लंबाई के अनुसार अंडे का सफेद भाग लेकर इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को स्कैल्प में लगाएं और हल्के हाथों से 8 से 10 मिनट तक मसाज करें। अंत में सिर को पानी से धो लें।

एलोवेरा और नींबू का मिश्रण भी है कारगर : एलोवेरा और नींबू का मिश्रण एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल प्रभाव प्रदर्शित करता है, जिसकी मदद से डैंड्रफ से छुटकारा मिल सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल और नींबू के रस की बराबर मात्रा मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने सिर की जड़ों में लगाकर कुछ मिनट हल्के हाथों से मसाज करें। फिर 10 से 15 मिनट अपने सिर को माइल्ड शैंपू और पानी से धोकर साफ कर लें।

नींबू, दही और शहद के हेयर मास्क का करें इस्तेमाल : डैंड्रफ की समस्या से राहत पाने के लिए दही, नींबू के रस और शहद के हेयर मास्क को बनाकर लगाना लाभदायक हो सकता है। समस्या से राहत पाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस, दो चम्मच दही और एक चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से अपने पूरे सिर में लगाएं, फिर एक घंटे के बाद अपने सिर को धो लें।

# घर के लिए फर्नीचर खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

घर को खास बनाने में फर्नीचर सबसे अहम भूमिका निभाता है, इसलिए हमेशा सोच-समझकर और अपनी जरूरतों को ध्यान में रखकर ही फर्नीचर खरीदना चाहिए। खासकर, अगर आप ऑनलाइन फर्नीचर खरीदने वाले हैं तो आपको फर्नीचर कैसा और किस साइज का होना चाहिए समेत ऐसी कई बातें हैं, जिन पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आइए आज फर्नीचर उद्योग के विशेषज्ञों से जानते हैं कि फर्नीचर खरीदते किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

अममून वेबसाइट पर दिखाई जाने वाली तस्वीरों में यह पता लगाना मुश्किल है कि फर्नीचर में कोई खराबी तो नहीं। दरअसल, इन दिनों कुछ ऑनलाइन फर्नीचर में कुछ न कुछ खराबी सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है कि आप जो फर्नीचर खरीदने का मन बना रहे हैं उससे जुड़े रिव्यू पर जरूर ध्यान दें क्योंकि इस तरह आप ब्लैक मार्केटिंग से खुद को काफी हद तक बचा सकते हैं।

अपनी जरूरतें समझें

अगर आप ऑनलाइन फर्नीचर खरीदने वाले है तो उसे खरीदने से पहले अपनी सभी जरूरतों को अच्छे से समझ लें। जैसे आपको किस तरह का फर्नीचर खरीदना है, या फर्नीचर किस डिजाइन का होना चाहिए, और फर्नीचर का साइज और शेप कैसी होनी चाहिए? आदि बातों को ध्यान में रखकर ही ऑनलाइन फर्नीचर खरीदें। दरअसल, आजकल ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर फर्नीचर में कई तरह के विकल्प मौजूद हैं, इसलिए बेहतर होगा आप अपनी जरूरतों का ध्यान रखकर ही फर्नीचर खरीदें।

गुणवत्ता का भी रखें ध्यान


विशेषज्ञों की मानें तो हमेशा फर्नीचर खरीदते समय सिर्फ इसकी सुंदरता पर ध्यान न दें बल्कि इसकी गुणवत्ता को भी महत्व दें। ऑनलाइन ग्राहक के तौर पर आपके लिए यह जानना जरूरी है कि अगर अगले कुछ दिनों में ही फर्नीचर के साथ कोई समस्या आ जाए तो उसे ठीक करवाने के लिए आप क्या सकते हैं या फिर उसकी एक्सचेंज पॉलिसी क्या है आदि।

## शब्द सामर्थ्य -110

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## कार्तिक आर्यन और कृति सैनन ने शहजादा के मॉरीशस शेड्यूल को पूरा किया

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और कृति सैनन ने अपनी आने वाली फिल्म शहजादा के मॉरीशस के शेड्यूल को पूरा कर लिया है। कार्तिक आर्यन और कृति सैनन अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट साझा करते रहते हैं। कार्तिक और कृति ने शहजादा के मॉरीशस शेड्यूल को पूरा कर लिया है। शहजादा के मॉरीशस शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने की जानकारी कृति ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा कर दी है। इस तस्वीर में कृति सैनन के साथ कार्तिक आर्यन और फिल्म की टीम के लोग भी नजर आ रहें हैं। फोटो में कृति ने बताया कि वह जल्द ही अपनी टीम के साथ स्वदेश लौटने वाली हैं। गौरतलब है कि फिल्म शहजादार दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन और पूजा हेगड़े की तेलुगु फिल्म आल्हा वैकुंठपुर्मुलु का रीमेक है। यह फिल्म 4 नवंबर, २०22 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## मेरा वादा है कि अंते सुंदरानिकी फिल्म कहीं ज्यादा मनोरंजक होगीः नानी

नानी और नाजरिया की अंते सुंदरानिकी का टीजर हैदराबाद में एक ग्रैंड इवेंट में रिलीज किया गया। इस दौरान नानी ने दर्शकों से वादा किया कि वह फिल्म के जरिए सिनेमाघरों में उनका भरपूर मनोरंजन करेंगे। नानी ने कहा, मेरे लिए अंते सुंदरानिकी एक बहुत ही खास फिल्म है। अब जबकि टीजर आउट हो गया है, मैं ये बातें कह सकता हूं कि टीजर बहुत शानदार है। ट्रेलर में आपको डबल एंटरटेनमेंट देखने को मिलेगा। फिल्म ट्रेलर से दस गुना मजेदार होगी। यह मेरा वादा है।

नानी ने अपनी टीम के बारे में भी बात की। उन्होंने अभिनेत्री नाजरिया, निर्देशक विवेक अथरेया समेत कई कलाकारों की सराहना की।

नानी ने कहा, मुझे इस फिल्म के बारे में बहुत कुछ कहना है, लेकिन मैं अपने शब्द आगे के इवेंट्स के लिए बचाकर रखूंगा।

नाजरिया एंटे सुंदरानिकी में लीला थॉमस की भूमिका निभा रही हैं।

टीजर लॉन्च इवेंट में एक्ट्रेस ने कहा, एंटे सुंदरानिकी में मुझे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। मुझे इस बात की खुशी है।

अंते सुंदरानिकी 1० जून को रिलीज होगी। नानी को आखिरी बार श्याम सिंह रॉय में देखा गया था। उनकी झोली में दशहरा जैसी कई शानदार प्रोजेक्ट्स है।

## प्रियंका-निक की बेटी के नाम का हुआ खुलासा

इस साल जनवरी में सरोगेसी के जरिए अपनी बच्ची का स्वागत करने वाली प्रियंका चोपड़ा जोनास और निक जोनास ने अपनी नन्ही सी बच्ची को लेकर चुप्पी साध रखी है। हालांकि रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी बेटी का नाम मालती मैरी चोपड़ा जोनास रखा गया है।

टीएमजेड ने दंपति के बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र देखा है और बच्ची का नाम बताया है। टीएमजेड ने उसकी डिलीवरी का समय 15 जनवरी, रात 8 बजे (पैसिफिक स्टैंडर्ड टाइम) बताया।

जबकि मालती संस्कृत मूल का एक भारतीय नाम है, मैरी एक ईसाई नाम है।

2०18 में शादी के बंधन में बंधने वाले प्रियंका और निक ने सोशल मीडिया पर बच्ची के बारे में खबर साझा की थी।

जनवरी में अपने इंस्टाग्राम पर, प्रियंका ने एक नोट साझा किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, हमें यह पुष्टि करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने सरोगेट के माध्यम से एक बच्चे का स्वागत किया है। हम सम्मानपूर्वक इस विशेष समय के दौरान गोपनीयता की मांग करते हैं क्योंकि हम अपने परिवार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। धन्यवाद।(आरएनएस)

## संगीतकारों के पीछे दौड़ने के बजाय अपने करियर खुद संवारेंः रूपाली जग्गा

बॉलीवुड में तेरे बिन जीना क्या गाने से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही सिंगर रूपाली जग्गा का कहना है कि नए सिंगर को काम मिलना तब आसान हो जाता है, जब आर्टिस्ट के तौर पर अपना अलग करियर हो।

यह पूछे जाने पर कि एक नए सिंगर के लिए बॉलीवुड में कदम रखना कितना चुनौतीपूर्ण है तो इसपर रूपाली ने कहा, मैंने अलग कलाकार के तौर पर म्यूजिक करियर बनाने पर अधिक जोर दिया। इससे पहले भी एक सॉन्ग तेरे पिचे रिलीज हुआ था। मुझे लगता है कि बॉलीवुड गीतों के लिए संगीतकारों के पीछे दौड़ने के बजाय अपने करियर के लिए खुद से कदम उठाना चाहिए।

रूपाली जग्गा सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा की फाइनलिस्ट में से एक थीं। वह सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन प्रो म्यूजिक लीग के पहले सीजन की विजेता भी रहीं। रूपाली जग्गा मशहूर संगीत निर्देशकों जैसे हिमेश रेशमिया और सलीम-सुलेमान के साथ काम कर चुकी हैं। नए गाने तेरे बिन जीना क्या को कंपोज एमएम करीम ने किया है। जबकि मनोज मुंतशिर ने इस गाने को लिखा है।(आरएनएस)

# सीरीज सेवन वन में पुलिस की भूमिका में दिखेंगी हिना खान

हिना खान टीवी जगत की लोकप्रिय अदाकारा हैं। इस अभिनेत्री ने अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को साबित किया है। अब वह अपने आगामी प्रोजेक्ट में पुलिस की वर्दी में नजर आने वाली हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई सीरीज सेवन वन की घोषणा की है। इस सीरीज से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। वह पुलिस की वर्दी में काफी जंच रही हैं और फैंस उनके लुक को पसंद कर रहे हैं।

अभिनेत्री हिना ने इंस्टाग्राम पर सेवन वन से अपनी पहली झलक शेयर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, बहुत गर्व और उत्साह के साथ हम अपने आगामी सीरीज सेवन वन से अपना फर्स्ट लुक साझा कर रहे हैं। हम वादा करते हैं कि यह क्राइम ड्रामा सीरीज आपको अपनी सीट से उठने नहीं देगी। हिना को आप एक अनदेखा अवतार में देखेंगे। वह इंस्पेक्टर राधिका श्रॉफ की भूमिका में नजर आएंगी। अधिक जानकारी के लिए जुड़े रहें।

हिना के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद उनके फैंस उत्साहित हैं। एक यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, वह वास्तव में असली पुलिस होने का एहसास करा रही हैं। इसे देखने के लिए तत्पर हूं। एक अन्य यूजर ने लिखा, वह आपको कुछ बेहतरीन अभिनय कौशल दिखाने के लिए आ रही हैं। एक फैंस ने अपने कमेंट में लिखा, वाह! इस



प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। सोशल मीडिया पर हिना का लुक वायरल हो चुका है।

अपने कैरेक्टर के बारे में बात करते हुए हिना ने कहा, इस वेब सीरीज में मेरा किरदार राधिका एक हाई प्रोफाइल केस को हैंडल करते हुए नजर आएगा, जहां पर रिस्क भी अधिक होगा। लेकिन राधिका बॉलीवुड की कमर्शियल कॉप नहीं होगी, जो असाधारण स्टंट करेगी। कहा जा रहा है कि हिना एक सख्त पुलिस के किरदार में दिखाई देंगी। अब देखना है कि वह अपने किरदार को कैसे निभाती हैं।

हिना की सीरीज सेवन वन का निर्देशन अदीब रईस करेंगे। हिना के अलावा इस सीरीज में विक्रम कोचर, अश्विन कौल, भुवन अरोड़ा और शादाब कमाल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। सेवन वन विक्रम भट्ट की डैमेज्ड 2 के बाद हिना की दूसरी वेब सीरीज है।

ये रिश्ता क्या कहलाता है में अक्षरा की भूमिका के साथ हिना घर-घर में लोकप्रिय हो गईं। उन्हें रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 14 में देखा गया था। वह शो में दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही थीं। पिछले साल ही उन्हें फिल्म लाइन्स में अभिनय करते हुए देखा गया था। वह टीवी सीरीज नागिन में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा कई म्यूजिक वीडियो में भी वह नजर आ चुकी हैं। पिछले साल ही हिना के पिता का कार्डिएक अरेस्ट के चलते निधन हो गया था। हिना की पिता के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग थी। वह अक्सर पिता के साथ तस्वीरें साझा करती रहती थीं। पिता के निधन के बाद वह सदमे में चली गई थीं।

# आरआरआर का सीक्वल बनाएंगे एसएस राजामौली

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली अपनी सुपरहिट फिल्म आरआरआर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं।

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका है। फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुयी है। राजामौली फिल्म आआरआर की सफलता से बेहद खुश हैं। राजामौली ने बताया है कि वह राम चरण और जूनियर एनटीआर के साथ आरआरआर का इसका सीक्वल बनाएंगे लेकिन फिलहाल इसके लिए इंतजार करना होगा।

एसएस राजामौली ने बताया, हमने



आआरआर 2०2० में बनाई थी और अब 2०22 चल रहा है। मैं अभी भी आरआरआर से पैदा हुई गर्मी से खुद को ठंडा रखने की कोशिश कर रहा हूं। पहले चीजों को ठंडा हो जाने दीजिए। मेरे लिए सीक्वल बनाना बहुत खुशी की बात होगी। सिर्फ इसलिए नहीं कि आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर क्या हासिल करेगी, बल्कि मुझे अपने दो भाइयों (राम चरण और जूनियर एनटीआर) के साथ बिताने के लिए और समय मिलेगा। यह मेरे लिए ज्यादा एक्साइटिंग होगा। लेकिन समय बीतने दीजिए। देखते हैं क्या होता है।'

गौरतलब है कि फिल्म 'आरआरआर' दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी है जो इमेजनरी स्टोरी है। फिल्म में ये दोनों क्रांतिकारी ब्रिटिश राज और हैदराबाद के निजाम के खिलाफ लड़ाई लड़ते दिखाई देंगे। यह फिल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम के अलावा हिंदी में भी रिलीज हुयी है।

# केजीएफ-2 की सफलता से मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं, यह खुशी की बात हैः प्रभास

दक्षिण भारत के ख्यातनाम निर्देशकों में शामिल लेखक-निर्देशक प्रशांत नील की हालिया प्रदर्शित केजीएफ-2 को बॉक्स ऑफिस पर जो सफलता प्राप्त हुई है उसने कई अभिनेताओं की पेशानी पर बल डाल दिए हैं। केजीएफ 2 ने पहले दिन वैश्विक स्तर पर 13० करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है, जिस कारण ट्रेड विश्लेषक खुश हैं। पिछले दो वर्षों से वो लगातार यही कहते आ रहे थे कि दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने के लिए मास एंटरटेनर्स की जरूरत है, जो बॉलीवुड देने में असमर्थ रहा है। ऐसे में साउथ की फिल्में हिन्दी दर्शकों को खूब भा रही हैं और बॉक्स ऑफिस पर बम्पर कमाई कर रही हैं। हिन्दी बेल्ट में पिछले दिनों प्रदर्शित हुई साउथ की पुष्पा: द रूल, आरआरआर और अब केजीएफ-2 ने बेहतरीन कारोबार करके हिन्दी सिनेमा के कई सितारों के साथ ही निर्माता निर्देशकों को भी परेशानी में डाल दिया है।

इन्हीं सितारों में शामिल हैं प्रभास जो हिन्दी फिल्मों में भी काम कर रहे हैं। उनकी बाहुबली सीरीज के बाद साहो और राधेश्याम का प्रदर्शन हुआ, जिनमें राधेश्याम पूरी तरह से नाकाम साबित हुई। अब दर्शकों को उनकी आगामी हिन्दी फिल्म सालार का इंतजार है, जिसे केजीएफ बनाने वाले लेखक-निर्देशक प्रशांत नील ही बना रहे हैं। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग जारी है।

प्रभास ने केजीएफ 2 की बम्पर ओपनिंग पर बात की और बताया कि क्या वो इस कारण दवाब महसूस कर रहे हैं?

प्रभास ने कहा है, मैं दवाब क्यों महसूस करूंगा... यह तो अच्छी खबर है ना...। प्रशांत नील ने ब्लॉकबस्टर फिल्म डिलीवर की है, वो मेरे डायरेक्टर हैं... यह बड़ी खबर है। हम सभी उनके लिए काफी खुश हैं। हम लोगों ने हाल में ही सालार की शूटिंग शुरू की है। मैं खुश हूं कि मैं इतने सफल डायरेक्टर के साथ काम कर रहा हूं। मैं प्रेशर क्यों फील करूंगा। मैं तो केजीएफ 2 की पूरी टीम के लिए काफी खुश हूं।

गौरतलब है कि केजीएफ 2 की बम्पर सफलता ने यश को भी प्रभास की तरह ही पैन इंडिया स्टार बना दिया है। बाहुबली सीरीज के बाद प्रभास की लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ था। केजीएफ सीरीज से वैसी ही लोकप्रियता यश को मिली है। फिल्म केजीएफ 2 ने रिलीज के साथ ही कमाई के नए रिकॉर्ड बनाना शुरू कर दिए हैं, जो सिलसिला आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# लोकतंत्र की बुनियादी आधार हैं पंचायती व्यवस्थाएं

विकास कुमार

पंचायती व्यवस्थाओं को स्थानीय प्रशासन का मूल आधार स्तंभ माना जाता है। भारत में प्राचीन काल से ही स्थानीय स्वशासन का प्रावधान मिलता है। भारतीय लोकतंत्र में आजादी के बाद से ही पंचायती व्यवस्थाओं को महत्व दिया जाने लगा था जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रतिरूपों को अपनाया जाने लगा । पंचायती राज व्यवस्था के बारे में गांधीजी की है विचारधारा रही है कि ग्राम पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए जिससे कि संपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियां ग्रामीण स्तर की इनके द्वारा ही संचालित हों। यही कारण है कि भारतीय संविधान निर्माताओं ने इसके लिए अलग से प्रावधान जोड़े थे। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जिसमें चुनाव आयोग के 2०19 के सूची के अनुसार ,लगभग 9० करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं। रूरल कनेक्शन नेटवर्क के अनुसार, पूरे देश में 239००० ग्राम पंचायतें हैं, जो संविधान के सातवीं अनुसूची में वर्णित राज्य सूची का विषय है। इनके प्रबंधन, वित्तीय व्यवस्था ,निर्वाचन एवं संरचना की व्यवस्था का दायित्व राज्य सरकार पर निर्भर होता है।भारत की शासन व्यवस्था तीन स्तर पर कार्य करती है। जिसमें तीसरा स्तर स्थानीय स्वशासन (पंचायती व्यवस्था) हैं। भारतीय संविधान के भाग 4 अनुच्छेद 4० में इससे संबंधित उपबंध थे जो प्रवर्तनीय प्रक्रिया नहीं थी।पंचायती व्यवस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने के पीछे राज्य संघात्मक व्यवस्था का उल्लंघन बताकर इसके पक्ष में नहीं थे। यही कारण रहा कि राजीव गांधी जी का 64 वां संशोधन (1989) और वी०पी० सिंह का संवैधानिक प्रयास (1 जून 199०) असफल रहा। पंचायतों को संवैधानिक दर्जा 1992 और 1993 में 73 वे संवैधानिक संशोधन के द्वारा दिया गया था जिसमें नरसिम्हा राव जी ने अथक प्रयास किया था।इनके चुनाव कराने की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोग की होती है जिसका उपबंध भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243 का (च) करता है।कुछ राज्यों ने इसके चुनाव की घोषणा कर दिया है क्योंकि संविधान था इनका कार्यकाल 5 वर्ष रखा गया है जिसका प्रावधान भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243( श्र) ही करता है परंतु जिस उद्देश्य के लिए पंचायती व्यवस्थाओं की अवधारणा को लागू किया गया है वह अपने मूल उद्देश्य को प्राप्त करने में असहाय प्रतीत हो रहा है। इसमें सभी प्रत्याशियों के द्वारा शासनादेश का इंतजार किया जाता है और अपनी -अपनी सुविधानुसार तैयारियां भी आरंभ कर दी जाती है।मतदाताओं और प्रत्याशियों के मध्य वार्तालाप प्रारंभ होता है परंतु संवाद प्रारंभ नहीं होता, क्योंकि संवाद की प्रक्रिया तो चुनाव में अक्सर रिक्त रहती है। संवाद की स्थिति में ना ही मतदाता है और ना ही प्रत्याशी। राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं का भी इन चुनावों में आगमन होता है जिससे वह अपनी उपलब्धियां गिनाते हैं।मतदाता भी सुनकर आनंदित होता है और बाद में नेता जी जिंदाबाद भी बोलता है क्योंकि वह भूल चुका होता है कि हमारी स्थानीय समस्याएं लोन के पैसों का कमीशन, आवास कमीशन ,सड़क और पानी की समस्याएं क्या है? शिक्षा और स्वास्थ्य तो इन चुनावों में गौड मुद्दे बन जाते हैं । प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति और अन्य सभी स्थानीय कार्य मतदाता भूल चुका होता है और मुखिया भी उसी को बना देता है, जिसका कोसों इनसे संबंध नहीं होता। इन चुनाव में उम्मीदवारों का उद्देश्य और कार्य अनुभव भी नहीं पूछा जाता जिसका कारण जागरूकता की कमी कहें या शिक्षा का अभाव ।

हालांकि पंचायती व्यवस्थाओं से स्थानीय निकायों में सुधार भी हुआ है परंतु उन सभी परियोजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता जो ग्रामीणों के लिए होती हैं। ऐसे में सभी मतदाताओं को चाहिए कि जातिवाद, धर्म, क्षेत्रवाद और व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने वाले केवल प्रत्याशी को ना चुनकर सार्वजनिक आकांक्षाओं में खरे उतरने वाले प्रत्याशी का चयन करें। जब स्थानीय स्तर पर सुधार होगा तभी यह प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। मतदाता को अपने मत का प्रयोग स्वेच्छा और सोच विचार कर करना चाहिए जिससे 5 वर्षों के लिए योग्य नेता के निर्देश लागू हो सके और स्थानीय संस्थाओं की स्थिति मजबूत हो जिससे अन्य स्तरों पर भी सुधार हो।

आज लगभग पूरे देश में पंचायती राज पद्धतियों का गठन किया जा चुका है ,परंतु वास्तविक स्थिति में उतनी आत्मनिर्भर निर्भरता देखने को नहीं मिली, जितना कि इसको लागू करने के समय सपना देखा गया था। आरक्षण का प्रावधान पंचायती पद्धतियों में अनुच्छेद 243 क (ष्ट,4) किया तो गया है, परंतु उसका पूरा लाभ ना महिलाएं ले पाती पाती हैं और ना ही नीचे तबके के वर्ग, क्योंकि आज भी कई पूर्वाग्रह प्रवृत्तियों से प्रेरित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान किया जाता है द्य जब पंचायती व्यवस्था सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनेगी तभी भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा द्य सुधार की प्रक्रिया ग्रामीण से ही शुरू हो सकती है। महिलाएं सरपंच तो बन जाती हैं परंतु वह प्रशासन नहीं चलाती हैं प्रशासन उसके पति द्वारा चलाया जाता है। एससी एसटी वर्ग का व्यक्ति सरपंच तो बन जाता है परंतु प्रशासन किसी धनाढ्य लोगों द्वारा चलाया जाता है। आज भी कई राज्य ऐसे हैं जिन्होंने पंचायती व्यवस्थाओं को उनके संपूर्ण विषयों को हस्तांतरित नहीं किया है। पंचायत के चुनाव में भी छल और बल से काम लिया जाता है। किस व्यक्ति की पहुंच शासन प्रशासन के ऊपर तक होती है प्रमुख पदों पर वही आसीन होता है। यही कारण है कि जिन उद्देश्य से भी का निर्माण किया गया था वह पूरा नहीं हो पा रहा है। गांव के विकास के नाम पर करोड़ों का फंड सरकारों के द्वारा दिया जाता है, परंतु उसका संपूर्ण लाभ गांव के सही व्यक्ति पर नहीं खर्च होता है।यही कारण रहा कि आज तक पंचायती व्यवस्था पूर्णतया आत्मनिर्भर और उन संपूर्ण सपनों को साकार नहीं कर सकी जिनके लिए इनको संगठित किया गया है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पंचायती राज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करें और इस प्रयास में सबसे बड़ा कदम हो सकता है शिक्षा।बिना शिक्षा के जागरूकता संभव नहीं है और जब नागरिक और मतदाता जागरूक होंगे तभी यह सब संभव हो पाएगा।

*( लेखक - केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं राजनीति विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट है।)*

## सिर्फ शर्ट पहनकर कैमरे के सामने आई रुबीना दिलैक, अंदाज ने किया फैंस को घायल

टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक अपनी सुंदरता के दम पर खूब तारीफें बटोरती हैं। रुबीना की कुछ नई फोटोज सामने आई हैं। इन फोटोज में रुबीना केवल एक शर्ट पहने पोज देती नजर आ रही हैं। रुबीना का ये डेयरिंग अंदाज सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है।

रुबीना इन नई फोटोज में व्हाइट कलर की ओवरसाइज शर्ट में अपने हुस्न के जलवे बिखेरती नजर आ रही हैं। अपने इस लुक को रुबीना ने न्यूड मेकअप और व्हाइट सैंडल्स के साथ टीम अप किया। रुबीना की सुंदरता को देखने के बाद कोई भी उनकी असली आयु नहीं आंक पाता है। बता दें कि रुबीना 34 साल की हैं। इस ऐज नंबर को सुनकर कर कोई दंग रह जाता है।

वही सोशल मीडिया पर आए दिन रुबीना अपनी एक से बढ़कर एक बेहतरीन फोटोज साझा करती रहती हैं। रुबीना का सोशल मीडिया अकाउंट देखें तो स्वष्ट है कि उन्हें वेकेशन मनाने का बहुत शौक है। आए दिन रुबीना पति के साथ नए-नए डेस्टिनेशन को एक्सप्लोर करती नजर आती हैं। रुबीना ने ये शोहरत वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद हासिल की हैं। रुबीना उन एक्ट्रेसेस में से हैं जिनका इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं रहा है। रुबीना को सबसे अधिक फैन फॉलोइंग सीरीयल किन्नर बहू से हासिल हुई।( आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## द लेडी किलर के लिए मनाली में पहली बार शूटिंग करेंगी भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर मनाली में अजय बहल की फिल्म द लेडी किलर में नजर आएंगी। वे मनाली में शूटिंग की तैयारी में लगी हुई हैं, जिसमें वह अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में अर्जुन एक प्लेबॉय का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जिसे भूमि से प्यार हो जाता है।

अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए भूमि ने बताया कि, मुझे घूमना अच्छा लगता है। मुझे इस पेशे से बहुत प्यार है, इसमें कई नई जगहों पर घूमने को मिलता है। मनाली में मैंने पहली बार शूटिंग की है।

यात्रा एक कलाकार के रूप में उनके लिए कई पहलुओं को जोड़ती है, उन्होंने आगे कहा एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में मेरी यात्रा मुझे गहराई से प्रेरित करती है। मैं द लेडी किलर को शुरू करने से पहले कड़ी मेहनत कर रही हूं। फिल्म का कंटेंट अच्छा है। मैं अर्जुन के साथ भी पहली बार काम कर रही हूं और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि हम अजय बहल की पटकथा को जीवंत करने के लिए कैसे भूमिका को परिभाषित करते हैं।

भूमि के पास आने वाले समय में बहुत फिल्में हैं। भूमि अनुभव सिन्हा की भीड़, शशांक खेतान की गोविंदा नाम मेरा, अक्षय कुमार-स्टारर रक्षा बंधन, सुधीर मिश्रा की अफवा और गौरी खान की भक्षक में नजर आएंगी।

# सतर्क होने की जरूरत

भारत को चीन में बनी हालत से सबक लेना चाहिए। कुछ महीनों पहले तक चीन की जीरो कोविड नीति अपनी सफलता के लिए जानी जाती थी। लेकिन अब वहां 4० से भी ज्यादा शहरों में पूरा या आंशिक लॉकडाउन लागू है। शंघाई में लागू कोविड लॉकडाउन के दौरान तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोना महामारी की नई लहर आने का संकेत हर रोज पुख्ता होता जा रहा है। जब पोजिटिविटी रेट में तेज बढ़ोतरी होने लगे, तो मतलब साफ है कि संक्रमण फैल रहा है।

दिल्ली में दो हफ्तों के अंदर पोजिटिविटी रेट आधा फीसदी से बढ़ते हुए पौने आठ प्रतिशत तक पहुंच गई है। दूसरे कई राज्यों में भी ऐसा ही ट्रेंड है। हैरतअंगेज है कि इसके बावजूद खतरे की घंटी उस तरह नहीं बज रही है, जैसा अब तक हो जाना चाहिए था। दिल्ली में तो सोमवार तक मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं किया गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिक फुर्ती दिखाई है, जिसने लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा समेत कई जिलों में मास्क की अनिवार्यता लागू कर दी है। भारत को असल में चीन में बनी हालत से सबक लेना चाहिए।

कुछ महीनों पहले तक चीन की जीरो कोविड नीति अपनी सफलता के लिए जानी जाती थी। लेकिन अब वहां 4० से भी ज्यादा शहरों में पूरा या आंशिक लॉकडाउन लागू है। पिछले महीने शंघाई में लागू किए गए कोविड लॉकडाउन के दौरान तीन लोगों की मौत हो चुकी है। यहां हर दिन हजारों लोग कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित हो रहे हैं।

शंघाई में हुई ताजा मौतों से पहले चीन में कोविड-19 की वजह से आखिरी मौत 19 मार्च को उत्तर-पूर्वी जिलिन प्रांत में दर्ज की गई थी। वो तकरीबन एक साल से ज्यादा के वक्त में पहली मौत थी। चीन जीरो कोविड नीति के तहत सख्त लॉकडाउन पर जोर देता आया है। हर दिन बड़ी संख्या में लोगों के टेस्ट और लंबे समय के लिए लोगों को क्वारंटीन करके चीन ने अपने देश में बीमारी को बड़े पैमाने पर फैलने से रोका था। ये तब की बात है जब पूरी दुनिया कोरोना से कराह रही थी। लेकिन अब ये नीति भी चीन को कोरोना संक्रमण के फैलाव से बचाने में नाकाम होती नजर आ रही है। चीन के हांगकांग में कोविड 19 के जनवरी में सिर उठाने के बाद अब तक नौ हजार लोगों की मौत दर्ज हो चुकी है। उधर अमेरिका से भी खबर है कि वहां महामारी का नया दौर आने के तमाम संकेत हैं। वहां कई राज्यों ने मास्क की अनिवार्यता लागू कर दी है। साफ है, महामारी अभी कहीं गई नहीं है। यह घूम-फिर कर लौट रही है। भारत को इससे आगाह रहना चाहिए।( आरएनएस)

# सुझावों एवं समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग एवं शासन स्तर पर डेडीकेटेड अधिकारी सुनिश्चित करें: संधु

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में पूर्व में जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठकों में लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग एवं शासन स्तर पर डेडीकेटेड अधिकारी सुनिश्चित कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने बागेश्वर जनपद के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाई में अमीनो की शीघ्र तैनाती, एवं चमोली में जोशीमठ – औली मोटरमार्ग का डामरीकरण और चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने चंपावत में मानसून के दौरान मुख्य मार्ग के बंद रहने वाले के कारण सूखीडांग – डाडामिनार मार्ग को वैकल्पिक मोटर मार्ग के रूप मिले जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए, साथ ही कार्य की टाइमलाइन निर्धारित की जाए। उन्होंने सभी कार्यों के महत्व के अनुरूप उनका वर्गीकरण कर अधिक महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में पार्किंग की समस्या विशेषकर पर्वतीय जनपदों में मल्टीलेवल पार्किंग, टनल पार्किंग की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीआरओ से सम्बन्धित प्रकरणों को उनके साथ मुख्य सचिव स्तर से अलग से बैठक आयोजित कर निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में मार्ग सुधारीकरण की मांग की गई है, उन्हें प्राथमिकता पर लेते हुए शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही की जाए। शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों को भी तेजी से निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विभिन्न सैन्य मुद्दों को लेकर जीओसी से वार्ता करते सैनिक कल्याण मंत्री

संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के विभिन्न सैन्य मुददों सहित पूर्व सैनिकों के परिवारों को गृहकर से छूट दिये जाने पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिये।

आज यहां प्रदेश के कैंट क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को गृहकर में छूट दिये जाने, वीरता एवं गैर वीरता पदकों पर दिये जाने वाली राशि में बढ़ोतरी सहित शहीद परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को तत्काल जारी करने के निर्देश सैनिक कल्याण मंत्री ने सचिव को दिये। अपने कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल के साथ बैठक के दौरान जीओसी द्वारा सैनिक कल्याण मंत्री को अवगत कराया गया कि वीरता एवं गैर वीरता पदकों पर दिये जाने वाली राशि में बढ़ोतरी एवं शहीदों के परिजनों को मिलने वाली राशि को तत्काल बढ़ाया जाने पर अधिकारियों से विचार किया जायेगा। उन्होंने कैंट क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को गृह कर में छूट दिये जाने की पैरवी भी की। सैनिक कल्याण मंत्री एवं जीओसी के बीच देहरादून के रानीपोखरी में कैंटीन का एक्सटेंशन काउंटर खोलने पर भी वार्ता हुई। इस अवसर पर वेटर्न शाखा के कर्नल विमल नैथानी भी उपस्थित रहे।

# महानगर कांग्रेस ने खुशीराम पुस्तकालय को दी पुस्तकें

संवाददाता



देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने पुस्तक दिवस पर महात्मा खुशीराम पुस्तकालय को पुस्तकें दी।

आज यहां महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर महात्मा खुशीराम सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तकें दी। इस अवसर पर लालचंद शर्मा ने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन को दिशा देती है। अगर किसी को कोई गिफ्ट देना हो तो हमें पुस्तकें देनी चाहिए जिसे पढकर उनका विकास हो सके। उन्होंने कहा कि अति उपयोगी पुस्तकों के सहयोग से हमारे छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्द्धन होगा जिससे उनमें स्वस्थ प्रतियोगी भावना का विकास होगा। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, पूर्व विधायक राजकुमार, सुनील बांगा, शोभा राम, जगदीश बावला, अजीत सिंह, नीलाम्बर जोशी आदि मौजूद थे।

# फर्जी आईडी से कार खरीदने वाले दो गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। फर्जी आधार कार्ड व आईडी बनाकर कार खरीदने वाले दो शातिर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूगढ हाल निवासी ट्रासपोर्ट नगर निवासी शेरी सैयद उमर पुत्र अबू बकर खान ने 3 अक्टूबर 2021 को विकासनगर कोतवाल में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आशीष त्यागी निवासी जीवनगढ विकासनगर, मनीज़ शर्मा तथा रामप्रसाद शर्मा नाम के व्यक्तियों द्वारा उनकी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस से एक आल्टो कार फाइनेंस कराई गई जिसमें अग्रिम भुगतान 80 हजार रूपये किया गया और शेष 3 लाख 25 हजार रूपये देने बाकी थे कार को सेलाकुई शोरूम से हस्तगत किया गया और उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा जब पहली किस्त ही जमा नहीं की गई तो कंपनी की फाइनेंसर द्वारा उक्त व्यक्तियों की तलाश की गई तो आईडी में जो फोटो लगे थे वह फोटो उपरोक्त नाम और पते के व्यक्तियों से मैच नहीं खा रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

मामला सेलाकुई क्षेत्र का होने पर जांच सेलाकुई भेज दी गयी। सेलाकुई पुलिस ने एक टीम का गठन किया गया। जांच में प्रकाश में आया कि जो नाम एफआईआर मे मनीज़ शर्मा और रामप्रसाद शर्मा दर्ज कराए गए हैं वह व्यक्ति तो अपने घर पर मौजूद हैं लेकिन उक्त घटनाक्रम इनके द्वारा करना नहीं पाया गया उक्त धोखाधड़ी आकाश त्यागी निवासी जीवनगढ़ विकासनगर देहरादून एवं उसके सहयोगी देवेंद्र सिंह पुत्र केहर सिंह निवासी नियर बाला सुंदरी मंदिर कैनाल रोड जीवनगढ़ विकासनगर, राजीव मलिक पुत्र राजपाल सिंह कनाल रोड बीकानेर वाली गली हरबर्टपुर विकासनगर के द्वारा मनीष शर्मा और रामप्रसाद शर्मा की आईडी लगाकर उस आईडी पर अपने फोटो लगाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उक्त घटना करना पाया गया गत रात्रि मिली सूचना पर आरोपियों के घर पर दबिश दी गई और देवेंद्र और राजीव मलिक को धोखाधड़ी की घटना में गिरफ्तार किया गया घटना का सूत्रधार मुख्य आरोपी आशीष त्यागी निवासी जीवनगढ विकासनगर देहरादून अल्टो कार सहित फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

# चरस के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दूवाला पुल के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 200 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम हमजद उर्फ सोनू पुत्र जहीर निवासी छोटा रामपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारपीट के मामले में भाई के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। सम्पत्ति विवाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सगे भाई भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारगी ग्रांट निवासी दिनेश कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जिस मकान में वह रह रहा है वह जगह उसने अपने भाई के साथ खरीदी थी जिसके बाद उसके भाई ने दूसरी जगह मकान बना लिया था तथा वह वहां पर रह रहा है। उसने बताया कि उसका भाई उसपर दबाव बना रहा है कि वह अपने मकान में लोन लेकर उसको दे दे लेकिन वह उसकी बात को टालता रहा तथा उसने कहा कि वह उसको जमीन के पैसे दे देगा लेकिन लोन नहीं लेगा। दो दिन पूर्व उसका भाई अपनी पत्नी बेटे व ताऊ के बेटे के साथ उसके घर में घुस गये और उसके साथ मारपीट करने लगे जब उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पर आये तो वह वहां से भाग गये। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्वास्थ्य महकमें की बड़ी कार्यवाही

# अवैध रूप से चल रहे पांच मेडिकल स्टोर और अस्पताल सीज

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। अवैध रूप से संचालित किये जा रहे मेडिकल स्टोर व अस्पतालं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छापेमारी कर पांच मेडिकल स्टोर और अस्पताल सीज कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती की अगुवाई में आज विभाग की विजिलेंस टीम के साथ पथरी थाना क्षेत्र के धनपुरा, घिसुपुरा, एकड़ कला, सराय, ज्वालापुर में छापेमारी की गयी। इस दौरान भारी अनियमितता और एक्सपायरी डेट की दवा बेचने की जैसी बड़ी खामियां पाए जाने पर टीम द्वारा पांच मेडिकल स्टोर और अस्पताल को सीज कर दिया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि इस क्षेत्र में कई जगह बिना अनुमति के मेडिकल स्टोर खुले हैं तथा कई झोलाछाप बिना अनुमति के मरीज को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। बताया कि आज इस क्षेत्र में करीब 15 हॉस्पिटल, क्लीनिक और मेडिकल स्टोर पर जाकर निरीक्षण किया गया इस दौरान कुछ मेडिकल स्टोर संचालक खुद ही डॉक्टर बनकर मरीजों को ड्रिप लगाते हुए मिले, तथा कई मेडिकल स्टोर संचालक अपना मेडिकल स्टोर बंद कर के भाग खड़े हुए। बताया कि कई जगह एक्सपायरी डेट और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री भी होनी पाई गई जिसके चलते पांच मेडिकल स्टोर और क्लीनिक को सील कर दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती ने बताया कि टीम द्वारा मेडिकल स्टोर संचालकों को दवाइयों के रखरखाव एवं एवं नारकोटिक दवाइयों के विक्रय का पूर्ण विवरण रजिस्टर अंकित करने के निर्देश भी दिए गए, साथ ही टीम द्वारा विक्रेताओं को दवाइयां का रखरखाव सही तरीके से करने के निर्देश दिए। टीम में विजिलेंस से एसआई जगदीश रतूड़ी, संजय नेगी, योगेन्द्र सिंह शामिल रहे।



कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



## एक नजर

# यूपी में अब तक धार्मिक स्थलों से 18000 लाउडस्पीकर हटाए, 40000 की ध्वनि को किया कम : एडीजी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा है कि अब तक ४०,००० ऐसे प्रकरण हैं जिसमें लाउडस्पीकर की ध्वनि को कम किया गया है, १८,००० लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं। इसमें सबसे बड़ी बात है कि लोगों ने अपनी मर्जी से ये किया है। सभी धर्म गुरुओं ने भी इस आदेश का स्वागत किया है। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि सभी को धार्मिक स्वतंत्रता है, लेकिन माइक की आवाज धार्मिक परिसर के बाहर नहीं जानी चाहिए। उनके निर्देश के बाद ही गोरखनाथ मंदिर के लाउडस्पीकर की आवाज कम कर दी गई थी। प्रदेश के कई अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में भी लाउडस्पीकर की आवाज धीमी कर दी गई है। गृह विभाग ने अब ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम २००० के प्रविधानों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने का निर्देश जारी किया है। साथ ही ऐसे धार्मिक स्थलों की थानावार सूची तलब की है, जहां इन निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है। हाल ही में ध्वनि प्रदूषण के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा धार्मिक स्थलों से तेज आवाज के लाउडस्पीकर हटाने और छोटे लाउडस्पीकर से परिसर के अंदर ही आवाज सीमित रखने के आदेश दिए थे।




# आतंकियों के निशाने पर भगवंत मान, चिट्ठी के जरिए मिली जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेता आतंकियों के निशाने पर हैं। नेताओं में शिरोमणि अकाली दल के नेताओं के भी नाम हैं। जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर सुल्तानपुर लोधी रेलवे स्टेशन पर धमकी भरा एक खत मिला। जिसमें कहा गया है कि पंजाब के तीन रेलवे स्टेशन (सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर जालंधर) भी बम धमाके में उड़ा दिए जाएंगे। चिट्ठी के मुताबिक, २१ मई को जालंधर, सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर, लोहियांखास, फगवाड़ा तरणतारण रेलवे स्टेशंस पर बम धमाके होंगे। चिट्ठी में आगे इन संभावित धमाकों के पीछे की वजह भी बताई गई। कहा गया कि पूर्व में जिन जिहादियों को मारा गया था, हम उनका बदला लेने के लिए ये बम धमाके करेंगे। लेटर में कथित तौर पर जैश की ओर से लिखा गया है कि हम सीएम भगवंत मान, पंजाब के राज्यपाल, डिविजनल रेलवे मैनेजर सीमा शर्मा, अकाली दल नेताओं को २३ मई को निशाना बनाएंगे, जबकि पटियाला में देवी तालाब मंदिर, काली माता मंदिर फगवाड़ा में हनुमानगढ़ी मंदिर में भी धमाके करने की धमकी दी गई है।



# 'शराब' के बदले ईंधन पर टैक्स में कटौती करें विपक्षी राज्य सरकारें: पुरी

नई दिल्ली । देश में बढ़ती ईंधन की कीमतों को लेकर एक बारे फिर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच वाद–विवाद शुरू हो गया है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के दौरान पेट्रोल–डीजल पर वैट में कटौती कर जनता को राहत देने को कहा गया। प्रधानमंत्री की इस अपील पर विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पलटवार किया तो केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार पेट्रोल पर ३२.१५ रुपये टैक्स लेती है जबकि कांग्रेस शासित राजस्थान में २९.१० रुपये वसूला जाता है। लेकिन उत्तराखंड में सिर्फ १४.५१ रुपये और उत्तर प्रदेश में १६.५० रुपये ही सरकार की तरफ से चार्ज किया जा रहा है। प्रदर्शन तथ्यों को चुनौती नहीं दे सकता उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी शासित राज्यों ने आयातित शराब के बदले ईंधन पर टैक्स में कटौती करे तो पेट्रोल सस्ता होगा!महाराष्ट्र सरकार ने २०१८ से अब तक ईंधन पर टैक्स के रूप में ७६ हजार ४१२ करोड़ रुपये लिए हैं और इस साल ३३ हजार करोड़ कमाने की उम्मीद है। क्यों नहीं वे लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर वैट कम कर रहे हैं?




# धामी ने रोड शो के जरिए किया शक्ति प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

चंपावत। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने उपचुनाव मिशन पर निकल पड़े हैं। आज सुबह चंपावत पहुंचे सीएम ने बनबसा से टनकपुर तक रोड शो किया और एक जनसभा को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री का कहना है कि चंपावत की जनता पर उन्हें पूरा भरोसा है कि वह उन्हें अपना भरपूर आशीर्वाद देगी। साथ ही उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया है कि वह चंपावत के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

चंपावत के निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी द्वारा सीएम के लिए अपनी सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद धामी का यह दूसरा चंपावत दौरा है। मिशन चंपावत का आगाज करते हुए आज उन्होंने बनबसा से टनकपुर तक 8 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने लोकगीतों व संगीत का रंगारंग कार्यक्रम पेश कर उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके रोड शो में भारी भीड़ देखने को मिली और लोगों में भारी उत्साह देखकर सीएम भी खुश नजर आए।

इस दौरान निवर्तमान विधायक गहतोड़ी और राज्यसभा सांसद अजय टम्टा भी उनके साथ रहे। खुली जीप से रोड शो पर निकले सीएम का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मैं अपने सहयोगी कैलाश गहतोड़ी जिन्होंने मेरे लिए अपनी सीट छोड़ने का प्रस्ताव सबसे पहले किया और चंपावत की जनता जिसने चुनाव में भाजपा और गहतोड़ी को अपना भरपूर समर्थन दिया दिल से आभारी हूं। मैं अब आपके बीच आ गया हूं और मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि आपका पहले जैसा समर्थन और प्यार मुझे मिलता रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने कि दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाला दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

भले ही विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा चंपावत उपचुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ने की बात कहीं जा रही हो लेकिन अभी तक उसने अपना प्रत्याशी भी तय नहीं किया है जबकि सीएम धामी अभी से अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं।



❑बनबसा से टनकपुर निकाला रोड शो
❑बोले चंपावत की जनता पर पूरा भरोसा

## योगी 3 मई को अपनी मां से मिलने आएंगे उत्तराखंड

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 मई को उत्तराखंड दौरे पर आएंगे और इस दौरान वह अपने पैतृक गांव जाकर अपनी मां और परिजनों से भी मिलेंगे। इस आशय की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी उनका सरकारी कार्यक्रम नहीं आया है लेकिन वह 3 मई को पौड़ी महाविद्यालय में स्थापित मूर्ति का अनावरण करेंगे और अपने पैतृक गांव जाकर मां से भी मिलेंगे। तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन वह दून भी आएंगे जहां वह यूपी–उत्तराखंड भवन का शिलान्यास करेंगे।

## भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन सहित दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन भी बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बनभूलपुरा पुलिस व एसओजी नैनीताल को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसओजी टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को घास मण्डी के समीप संदिग्ध दो दुपहिया वाहन सवार आते हुए दिखायी दिये। टीम द्वारा जब उन्हे रोकना चाहा तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान टीम द्वारा उनके पास से 1125 नशीले इंजेक्शन बरामद किये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम रेहान पुत्र नूर इस्लाम निवासी उत्तर उजाला जाकिर फूल वालों के घर के पास वार्ड नम्बर-28 व विशाल गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता निवासी जोशी विहार संजू चक्की के पास,वार्ड नम्बर 59 बताया। बताया कि बरामद इंजेक्शन वह किच्छा निवासी एक बंगाली डॉक्टर से लेकर आते है। पुलिस अब उक्त डाक्टर की जांच कर रही है।

# मुम्बई में बिल्डर हत्याकांड का मुख्य आरोपी हरिद्वार से गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मुंबई में हुए बिल्डर हत्याकांड मामले में कार्यवाही करते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुख्यात सुपारी किलर गिरोह के सदस्य को एसओजी हरिद्वार की मदद से रेलवे फाटक ज्वालापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

उत्तराखण्ड राज्य इन दिनों बाहरी प्रदेश के बदमाशों की शरणस्थली बन चुका है। इसका प्रमाण एक बार फिर सामने आया है। इस बार मुंबई से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने एसओजी हरिद्वार की मदद से कनखल जगजीतपुर में काफी दिनों से रह रहे हत्या के आरोपी अर्जुन पुत्र राजेंद्र चौधरी, निवासी चांदपुर रोड, बुलंदशहर यूपी को रेलवे फाटक ज्वालापुर से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अर्जुन ने मुंबई में एक बड़े बिल्डर समय चौहान को उसी के कार्यालय में घुसकर मौत के घाट उतार दिया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। जिसे मुंबई पुलिस बीते दो माह से तलाश कर रही थी।

मुंबई में बिल्डर की हत्या में शामिल चार बदमाशों में से 2 को पहले ही मुंबई क्राइम ब्रांच गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि एक का एनकाउंटर यूपी पुलिस ने 21 मार्च को बनारस में कर दिया था। अब चौथे मुख्य आरोपी को मुंबई क्राइम ब्रांच ने एसओजी के साथ मिलकर हरिद्वार से धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि किसी बड़े किन्नर की सरपरस्ती और एक भूखंड के विवाद को लेकर बिल्डर की हत्या सुपारी किलर द्वारा कराई गई थी।

फरवरी में मुंबई के जिस स्थान पर बिल्डर की हत्या की गई थी, वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में हत्याकांड कैद हो गया। जिसमें चारों अपराधियों के शामिल होने की पुष्टि हुई थी। एसओजी प्रभारी रंजीत सिंह तोमर ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच ने अपराधी की लोकेशन हरिद्वार में बतायी और हमसे संपर्क किया था। जिसके बाद हमारी टीम ने इस शातिर अपराधी को ज्वालापुर रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश इन दिनों कनखल के जगजीतपुर क्षेत्र में किराए के मकान पर रह रहा था।



❑मुम्बई क्राइम ब्रांच व हरिद्वार एसओजी द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*